हडको/सूचीबद्ध कंपनी/एसई/2025 **8 सितंबर, 2025**

**विषय: सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अर्हताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अंतर्गत कॉर्पोरेट प्रकटीकरण - श्री बलदेव पुरुषार्थ की हडको में सरकारी नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति**

---

महोदय/महोदया

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अर्हताएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार सूचित किया जाता है कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के आदेश संख्या ए-42012(12)/39/2017-एए अनुभाग-एमएचयूपीए (ई-9026701) दिनांक 26.08.2025 (दिनांक 02.09.2025 को ईमेल से प्राप्त) के अनुसार निदेशक मंडल ने 8 सितंबर, 2025 को परिचालन से पारित प्रस्ताव के माध्यम से श्री बलदेव पुरुषार्थ (डीआईएन: 07570116), संयुक्त सचिव, इन्फ्रास्ट्रक्चर पालिसी एंड प्लानिंग डिवीजन, आर्थिक कार्य विभाग को तत्काल प्रभाव से हडको में सरकारी नामित निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

श्री बलदेव पुरुषार्थ के पास हडको का कोई शेयर नहीं हैं और कंपनी के बोर्ड के अन्य निदेशकों से उनका कोई संबंध नहीं है। इसके अलावा उन्हें सेबी के किसी आदेश या ऐसे किसी अन्य प्राधिकारण ने निदेशक का पद धारण करने से प्रतिबंधित नहीं किया है।

श्री बलदेव पुरुषार्थ (डीआईएन: 07570116) का संक्षिप्त विवरण अनुलग्नक-क के रूप में संलग्न है।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद

**भवदीय**

**कृते हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कोर्पोरेशन लिमिटेड**

विकास गोयल
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**संलग्न:**उपरोक्तानुसार

**अनुलग्रक-क**

## संक्षिप्त प्रोफ़ाइल

**बी. पुरुषार्थ**

श्री पुरुषार्थ 2002 बैच के पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। आपने पंजाब सरकार और भारत सरकार में विभिन्न कार्य क्षेत्रों और सचिवालयी पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में आप भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। आप अनेक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के निदेशक मंडल में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। आपको माननीय प्रधानमंत्री से चंडीगढ़ को पहला 10 लाख से अधिक आबादी वाला खुले में शौच मुक्त शहर बनाने के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

आप भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम लिमिटेड, भारतीय रेलवे वित्त निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि ट्रस्टी लिमिटेड और राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

श्री पुरुषार्थ ने दिल्ली विश्वविद्यालय, भारत से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। आर्थिक कार्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में आपने बुनियादी ढाँचे में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पर अनेक पुस्तकों जैसे राज्य सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) इकाइयों की स्थापना की संदर्भ मार्गदर्शिका; सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजना मूल्यांकन की संदर्भ मार्गदर्शिका; परियोजना कार्यान्वयन मोड चयन की संदर्भ मार्गदर्शिका - वाटरफॉल फ्रेमवर्क; सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के लिए कार्य संचालक सलाहकार: पैनल के उपयोग की नियमावली आदि में योगदान दिया है और उन्हें रूपाकार दिया है। आपने अनेक पत्रिकाओं में बुनियादी ढाँचे और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पर कई लेख भी लिखे हैं।

***